डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुधनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-04,2082 | भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 09 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

भोपाल से रीवा और दतिया फ्लाइट जनवरी तक बंद भोपाल राजा भोज एयरपोर्ट सन्नाटा

भोपाल। ऑपरेटिंग कंपनी बदली भोपाल से रीवा और दतिया फ्लाइट जनवरी तक बंद भोपाल राजा भोज एयरपोर्ट सन्नाटा है। सूत्रों के मुताबिक इस रूट को संचालित करने के लिए जो नया कॉन्ट्रैक्ट जारी हुआ था, वह किसी दूसरी एयरलाइंस को दे दिया गया है। इसी वजह से फ्लाई बिग ने अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं। फ्लाई बिग की यह फ्लाइट पिछले कुछ महीनों से रीवा और दतिया के यात्रियों के लिए खासी महत्वपूर्ण रही, क्योंकि सड़क और ट्रेन की तुलना में यह यात्रा काफी कम समय में पूरी हो जाती थी। अब नई कंपनी द्वारा सेवा शुरू होने तक यात्रियों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

नहाघर न दिया स्वच्छता का संदेश, किया श्रमदान

भोपाल। शहर के ई-2 अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में सोमवार को महापौर, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने स्वच्छता में सहभागिता की और लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। महापौर मालती राय के साथ पार्षदों ने श्रमदान किया और कचरा उठाकर कचरा वाहन में डाला। महापौर ने पार्षदों को स्वच्छता की गतिविधियों में और अधिक सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद शिवा गोहल व ई-2 अरेरा कॉलोनी सात्रता ऑनर्स एसोसिएशन की सदस्य मौजूद थे।

चरलापल्ली से निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन हुई बंद

भोपाल। रेलवे ने कम खाली सीट के कारण बाया भोपाल संचालित साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 07021/22 चरलापल्ली-हजरत निजामुद्दीन-चरलापल्ली को आगामी आदेश तक निरस्त करने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन चरलापल्ली से 8 दिसंबर और हजरत निजामुद्दीन से 10 दिसंबर से आगे सूचना मिलने तक बंद रहेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल और बीना स्टेशनों से होकर गुजरती थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन के संचालन पुनः शुरू होने पर यात्रियों को समय-समय पर सूचित किया जाएगा।

15 छात्राओं की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

रायसेन। सिलवानी के अमलूबाबा गांधी कन्या छात्रावास में रविवार रात अचानक हड़कंप मच गया। छात्रावास के वार्डन ने रात रही छात्राओं ने बताया कि बाहर दशहरा मैदान की ओर से किसी वाहन से धुएं जैसी तेज गैस फैलने लगी, जो कुछ ही मिनटों में हॉस्टल के वार्डों तक पहुंच गई। इस धुएं के संपर्क में आने के बाद कई छात्राओं की आंखों में जलन

निर्माणाधीन मकान से एमडी जब्त

भोपाल। क्राइम ब्रांच ने ईदगाह हिल्स राजधानीनगर स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में दबिश देकर नशीली दवाओं एमडी ड्रग बेचने की फिराक में बैठे एक युवक को पकड़ लिया। कार्रवाई ? दिसंबर की शाम मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को जमी और सील करने की कार्रवाई पूरी कर आरोपी को धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। अब उससे पूछताछ कर सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम ने मौके से जिंक्स ड्रग सेल एवं अन्य ड्रग्स जब्त (प्रिंसिपल रन्नीद, जिला शिवपुरी) को हिरासत में लिया।

लोकार्पण | केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ,खट्टर भोपाल मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण करेंगे

भोपाल मेट्रो : इंतजार खत्म, भोपाल,21 दिसंबर को मेट्रो का लोकार्पण होगा

प्रायोरिटी कॉरिडोर के स्टेशनों पर कार्य

मेट्रो प्रशासन तारीख बताने से दिन भर बचता रहा, देर शाम सीएम ने किया ऐलान सीएमआरएस से मप्र मेट्रो को एनओसी मिलने के बाद से लगाए जा रहे थे कयास

राजधानी के लोगों को लंबे इंतजार के बाद मेट्रो के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। 21 दिसंबर को मेट्रो का लोकार्पण होगा। इसका ऐलान खुद मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को खजुराहो में पत्रकारों से बातचीत के दौरान किया। हालांकि मप्र मेट्रो प्रशासन दिनभर तारीख बताने से बचता रहा। मेट्रो प्रशासन सीएमआरएस से एनओसी मिलने के बाद से ही तैयारियों में जुट गया था। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भोपाल मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण करेंगे।

एमपी मेट्रो प्रबंधन ने शासन को लोकार्पण के लिए 13 दिसंबर की तारीख प्रस्तावित की थी। जिसके आधार पर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर तैयारियां तेज कर दी गई थीं। वर्तमान में 7.5 किलोमीटर लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर के अपर मेट्रो स्टेशनों पर अंतिम चरण के कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। स्टेशनों के नीचे, एस्केलेटर, सीढ़ियों और अन्य यात्री सुविधाओं वाले बोर्डों में लगभग फाइनाईट की टिंटिंग की जा रही है। मेट्रो अधिकारी और मैदानी अमला दिनभर इन कामों की निगरानी में जुटा हुआ है।

स्टेशनों पर लगाए बोर्ड, स्टाफ किया तैनात

मेट्रो प्रशासन 10 दिसंबर तक सभी यात्री सुविधाओं को अंतिम रूप देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्टेशनों पर हुआ एक यात्रियों से पूछी सिक्योरिटी वाले बोर्ड लगाए जा रहे हैं और आवश्यक स्टाफ भी तैनात कर दिया गया है। अब टिकिट तय होने के साथ ही अमूर्त काम तेजी से पूरे किए जाएंगे।

नवंबर में किया था तीन दिवसीय निरीक्षण

सीएमआरएस की टीम ने 12, 14 और 15 नवंबर के दौरान तीन दिनों में लेकर ट्रैक और ट्रेन तक निरीक्षण किए थे। कमिश्नर मेट्रोपोलिटन रेलवुड के साथ टीम ने मेट्रो स्टेशनों के ट्रैक, सर्ट-बेल्ट अदि चीजें किए थे। सभी सुविधाओं की भी जांच-पड़ताल की गई थी। टीम ने उनका दिल्ली लौटने से पहले भोपाल में बैठी ने लेकर ट्रेन ऑन ट्रेन तक निरीक्षण किए थे।

सोमवार को मेट्रो प्रशासन दिनभर अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त-दुरुस्त करने में जुटा रहा। अधिकतर मेट्रो स्टेशनों के एंट्री-एग्जिट तैयार कर लिए गए हैं। एमपी नगर मेट्रो स्टेशन के पास सुरक्षा कर्मियों ने भी ब्रिजेट की। सेंट्री स्टेशन के नीचे रोड का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यहां एक्सेलन बनकर तैयार हो चुकी है। इसी तरह सुभाष नगर में भी रोड निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। सभी स्टेशनों पर प्रवेश करने और बाहर निकलने के रास्ते तैयार हो गए हैं। प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए एस्केलेटर लिफ्ट की टेस्टिंग अंतिम दौर में है।

सीएमआरएस की 3 बार की जांच कमिश्नर मेट्रो रेल सोमती

(सीएमआरएस) की टीम ने सोमवार मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर (सुभाष नगर से रचना का ठौर का जांच की। जिसमें करीब 2325 मे 12 से 15 तारीख तक अंतिम निरीक्षण किया। जिसमें डिपो, ट्रैक, सिग्नलिंग, ट्रेन और सभी स्टेशनों की बारीकी से जांच की गई और इसके बाद कमिश्नर मेट्रोज ने लिए अंतिम टूल मिनट (टीम मिनट) दे दी है।

युवक की हुई घर वापसी कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग की मौजूदगी में हुआ शुद्धिकरण

डीआर संवाददाता।।भोपाल

लहरीगेटबाहर में रहने वाले सुमन सोलंकी ने सोमवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पुनः हिंदू धर्म में वापसी कर ली। उन्होंने कुछ समय पहले एक मुस्लिम युवती के प्यार में धर्म बदल लिया था, लेकिन कथित मोर्चे और दबाव के बाद उन्होंने मायरा सनातन धर्म अपनाने का निर्णय लिया। सोमवार को मंत्री विश्वास सारंग की मौजूदगी में कुशा मंदिर में हवन, उपनयन संस्कार, मुंडनविधि, मुंडन, गोदुलन और गंगाजल से शुद्धिकरण की विधि कराई गई। युवा मंदिर के महंत रामप्रसाद दास महाराज ने बताया अगर कोई व्यक्ति किसी कारणवश सनातन धर्म से दूर चला जाए तो पुनः लौटने की सामान्य प्रक्रिया है। मुंडन, कंठी-तुलसी धारण, तिलक, गोदुलन, हवन आदि संस्कार किए जाते हैं।

जबरन धर्मांतरण के विरुद्ध कार्रवाई

के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित

सारंग सारंग ने कहा सरकार लव जिहाद जैसी अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर पूरी तरह सुरक्षित है। सरकार द्वारा मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से किसी भी प्रकार के धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

सुमन सोलंकी ने बताया कि 29 नवंबर को मंत्री सारंग से मिलकर अपनी समस्या को बताते हुए मदद मांगी थी। विश्वास सारंग के अनुसार युवक ने आरोप लगाया कि बंबार डालबर मुस्लिम धर्म अपनाने को कहा गया, ऐस-जाल में फंसाया गया, शोषण किया गया और प्रताड़ित किया गया। मंत्री ने कहा कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और तीन आरोपी जेल भेजा गया। सुमन का कहना है कि वह नौन-वेज खाता था, गंगाजल पढ़ता था, मंदिरों में रहता था, लेकिन जब हालात बिगड़ने लगे तो उसने मदद मांगी। कार्रवाई के बाद उसने हिंदू धर्म वापस अपनाया।

पन्ना नेशनल पार्क में मुख्यमंत्री ने 10 कैंटर नई बसों को दिखाई हरी झंडी

डीआर संवाददाता।।भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार सुबह पन्ना नेशनल पार्क के मडला गेट से 10 नई वीवीपी कैंटर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब इन बसों के जरिए पर्यटक जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव और अधिक सुविधाजनक तरीके से ले सकेंगे। इस कैंटर बसों में एक साथ 19 पर्यटक जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। मप्र पर्यटन विकास निगम ने

पर्यटकों को एक और सौगात देते हुए प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में शेष पेज 8 पर

मुख्यमंत्री बसों को हरी झंडी दिखाते हुए

ऑनलाइन बुकिंग न होने पर पर्यटकों को मिलेगी पार्क रायल की सुविधा

10 नई वीवीपी कैंटर बसों के संचालन से पन्ना पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। ऑनलाइन बुकिंग बंद होने पर भी जंगल सफारी के आनंद और अनुभव से वंचित नहीं होंगे। ऑनलाइन स्लॉट खाली मिल जाने से पर्यटकों को नेशनल पार्क पहुंचकर भी सफारी से वंचित होने जैसी असुविधा अब नहीं होगी।

मेंटेनेंस , आज 100 से ज्यादा कॉलोनी, मोहल्लों में बिजली गुल रहेगी

डीआर संवाददाता।।भोपाल

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आईएम कॉलेज, महावीर वेद वाइस, भौतम सिंघ जनिति, महावीर इंजीनियरिंग, मुस्लिम इंडस्ट्रीज सफारी, आस्थाएंटी कॉलोनी, राम राम एवं आशियाना ना क्षेत्र, 11 नाइन टावर, एकदी डेक्टर शोसन के आसपास का क्षेत्र, सिंधी कॉलोनी, पुतलीघर, इस्लामी गेट, बनजिरा काजलहांकार, गल्ला बाजार काजलहांकार, पोस्ट ऑफिस सांग स्टेंड, एमपी एवी, पुतलीघर, नवाबगंज मस्जिद

क्षेत्र, इंदा नगर, नई बाजीद नगर, वसुधरा कॉलोनी, भोपाल टॉकीज चौराहा, भोपाल बायपास हिंदोला पोल, मरियम अब्दुल्ला बाग मुंडी हुसैन, बाना भोपाल खाजा काजलहांकाबाद, गुलशन पैराडाइज, रमकिला स्कूल, सतीश मीक, सोलह सिंधी कॉलोनी एवं सिंधी कॉलोनी, हनुमान मंदिर टीला, गैंगेंग की बावड़ी, अंजना नगर कालोनी बीच लुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक रु इलाज पीड कॉलोनी के आसपास का क्षेत्र। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक रु जनता नगर, जनता क्वार्टर, पंचवटी कैंप-1, 2, नयी बाग, अरावली नगर, राम कॉलोनी, मोती लाल नगर, कृष्णा कॉलोनी, नवाब ढाबा, बाना नवीबाग, रैन रहन, दशहरा मैदान, विवेकानंद कॉलोनी, तपोवन कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड क्वार्टर, मेकाला अस्पताल, पन्ना नगर।

डिप्टी डायरेक्टर 40 हजार की घूस लेते पकड़ाया

डीआर संवाददाता।।भोपाल

लोकायुक्त पुलिस की भोपाल इकाई ने सोमवार को कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर व अनुसंधान अधिकारी जयराम देहाड़े को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। टीम ने यह कार्रवाई 88 वर्षीय राजेशपरायण गुप्ता की शिकायत पर की है। गुप्ता एक बीज भंडार चलाते हैं। देहाड़े ने इसका लाइसेंस निलंबित कर दिया था। लाइसेंस बहाल करने के नाम पर गुप्ता से देहाड़े ने रिश्वत के तौर पर एक लाख रुपए की मांग की

थी। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक गुप्ता अपने भाई दीपेंद्र गुप्ता के विश्वास खाद बीज भंडार का संचालन करते हैं। दुकान से जुड़ा एक दीवीओ सोशल नोटिस पर वायरल होने के बाद उन संचालक जयराम देहाड़े ने दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया था। गुप्ता ने बहाली के लिए बार बार की तो वह रिश्वत मांगने लगे। एमपी लोकायुक्त संगठन को मिली शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। सोमवार दोपहर अरेरा कॉलोनी स्थित गंगदेवपुरम स्थित अपने दफ्तर में 40 हजार रुपए लेते हुए पकड़ लिया गया। देहाड़े के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा-7 के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

बदमाश बोला-राजनीति करना भुला देंगे शिवपुरी पोहरी से कांग्रेस विधायक

डीआर संवाददाता।।भोपाल

कैलाश कुशवाह को बदमाश ने फोन पर गाली गलौज कर धमकी दी। विधायक ने एमपी से शिकायत की। बदमाश ने उनसे कहा कि राजनीति करना भुला देंगे। सिंधी कॉलोनी थाने में अपराध

पंजीबद्ध किया है। विधायक कैलाश को तीन अलग अलग नंबरों से एक ही बदमाश ने धमकी दी। एमआईआर में विधायक का कहना है कि मुझे निरंतर मोबाइल फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। प्राप्त पंचायत सिंहानिया निवासी प्रभात रावत ने 7 दिसंबर की रात 8:30 बजे अपने मोबाइल व रवि रावत व पवन रावत के नंबर से धमकी दी है।

मप्र पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायती स्तर पर आईडी बनाने की मुहिम शुरू

भोपाल। मप्र में नर्मदा परिक्रमा करने वाले और नर्मदा किनारे बने तीर्थ स्थलों पर खासकर नर्मदा की पूजा करने वालों के आईडी कार्ड बनाने का काम सरकार ने शुरू किया है। अभी का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायती स्तर पर आईडी बनाने की मुहिम शुरू कर दी गई है। विभाग ने

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष,04 – 2082 | सीहोर,दिन मंगलवार,दिनांक 09 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम

सीहोर। सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है।

जिले में पंचायत उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

सीहोर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन के लिए जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालगुरू के. ने जिले की सीहोर, आष्टा और इछावर जनपद पंचायतों में उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदारों को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया है।

पंचायत उप निर्वाचन के तहत बिना पूर्वानुमति लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित

सीहोर। पंचायत उप निर्वाचन वर्ष–2025 (उत्तरार्धए) को सुचारू और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालगुरू के. द्वारा जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में लाउडस्पीकर तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर नियंत्रण संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार निर्वाचन प्रचार–प्रसार के दौरान अनियंत्रित ध्वनि से होने वाली जन–परेशानी, ध्वनि–प्रदूषण और शांति–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 05 जनवरी 2026 तक लाउडस्पीकर का उपयोग संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही जुलूस, आमसभा और प्रचार वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर का उपयोग केवल एसडीएम से पूर्व अनुमति प्राप्त कर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। आदेश का उल्लंघन पाए जाने दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत उप निर्वाचन के तहत चुनाव प्रचार में शासकीय संपत्ति का उपयोग प्रतिबंधित

सीहोर। पंचायत उप निर्वाचन वर्ष–2025 (उत्तरार्धए) को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के. ने जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में शासकीय तथा सार्वजनिक संपत्तियों के दुरुपयोग पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार सरकारी भवनों, परिसरों, सार्वजनिक स्थलों, दीवारों और अन्य संपत्तियों का चुनाव प्रचार–प्रसार के लिए किसी भी रूप में उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। निजी संपत्तियों पर प्रचार सामग्री लगाने या उपयोग करने के लिए संपत्ति मालिक की पूर्व सहमति आवश्यक होगी, अन्यथा यह उल्लंघन माना जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन | कहीं खाद की कतार तो कहीं प्याज की बेकद्री, हाड़ कंपाने वाली ठंड में किसानों की झेलनी पड़ रही दोगुनी मार

खाद के लिए कड़ाके की ठंड के बावजूद करीब 300 किसान सुबह 4 बजे से ही लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए

डीआर संवाददाता»सीहोर

मंडियों में प्याज की बोली इतनी गिर गई है कि किसानों को 40 पैसे प्रति किलो यानी 10 रुपए कट्टी (40 किलो) का भाव मिल रहा है। इस कीमत पर किसानों का भाड़ा तक नहीं निकल पा रहा है।

जिले में किसानों की समस्याएं सामने का नाम नहीं ले रही हैं, जहां अब तक किसान खाद के लिए परेशान हो रहा था तो वहीं अब प्याज के दामों ने किसानों के आंसू निकाल दिए हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र नेरवा व प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के इछावर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को किसानों की बेबसी के अलग–अलग नजारे सामने आए। नेरवा में जहां खाद के लिए किसान अल सुबह से बाजार में लंबा मंजर आया तो वहीं ग्राम धंदोरी में किसानों ने दो महिना–चार महिना वाहन चालकों को प्याज बांटी। बता दें राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के विधानसभा क्षेत्र इछावर के किसान पिछले तीन दिनों से प्याज के घटे दामों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मंडियों में प्याज की कीमतें इतनी गिर गई हैं कि किसानों को 40 पैसे प्रति किलो यानी 10 रुपए कट्टी (40 किलो) का भाव मिल रहा है। इस कीमत पर किसानों का भाड़ा तक नहीं निकल पा रहा है।

सोमवार सुबह मालवीय राष्ट्रवादी समिति के बैनर का नेतृत्व किसानों की मजबूरी को दिखाता नजर आया। कड़ाके की ठंड के बावजूद करीब 300 किसान सुबह 4 बजे से ही लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। एक बोरी खाद के लिए किसानों को रात भर इंतजार करना पड़ रहा है।

हाईवे पर भी मंडी प्याज आक्रोशित किसानों ने नेरवा–बिलकिसगंज हाईवे पर सहमौरी को चेक पोस्ट वाली प्याज मुफ्त में बांटनी शुरू कर दी। बाद ब्यरी के किसानों ने कहा कि बेचने से अच्छा है कि वह प्याज आमजनों के काम आ जाए। किसान और मालवीयवादी एकता मंच के नेताओं ने बताया कि कई किसान तो प्याज को मजबूरन सड़क पर फेंक रहे हैं, जबकि मेहनत लागत और उम्मीद सब मिट्टी में मिल रही है।

40 पैसे किलो दाम मिला तो मुफ्त में बांटी प्याज

सीहोर। जिले के ग्राम धंदोरी में प्याज के दाम गिरने से परेशान किसानों ने सोमवार सुबह नेरवा–बिलकिसगंज हाईवे पर सहमौरी के मुफ्त में प्याज बांटी। किसानों का कहना था कि उन्हें कीमत पर बेचने से अच्छा है कि वह किसी के काम आ जाए। किसान और मालवीयवादी एकता मंच के नेताओं ने बताया कि मंडी में प्याज की अधिकतम मात्र 10 रुपए प्रति कट्टी (40 पैसे प्रति किलोग्राम) हो गई है। इतनी कम कीमत पर किसानों का भाड़ा भी नहीं निकल पा रहा है। किसानों की मेहनत और लागत बेकार जा रही है।

मंडियों और सड़कों पर फेंकने को मजबूर

किसानों ने सड़ से बताया कि उन्हें किसान अपनी प्याज मंडियों और सड़कों पर फेंकने को मजबूर हो गए हैं। उनका कहना है कि जब उपज का उचित दाम ही नहीं मिल रहा, तो उसे मंडी तक ले जाने का कोई फायदा नहीं है। इसी स्थिति को देखते हुए ग्राम धंदोरी के किसानों ने सड़कों से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर बिनमूल्य में प्याज वितरित की। किसानों का उद्देश्य था कि उनकी बेकार जा रही उपज राहगीरों के उपयोग में आ सके। किसानों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि प्याज की समर्थन मात्र 10 रुपए प्रति कट्टी (40 पैसे प्रति किलोग्राम) हो गई है। इतनी कम कीमत पर किसानों का भाड़ा भी नहीं निकल पा रहा है, जिससे उनकी मेहनत और लागत बेकार जा रही है।

नदी से पानी की अवैध चोरी करने वालों पर नपा ने कार्रवाई कर कई विद्युत मोटरों को किया जब्त

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगरपालिका द्वारा पार्वती नदी में संग्रहित जल को सुरक्षित रखने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर बाला गुरू के के नवीन निर्देशों एवं अनुविभागीय अधिकारी नितीन टाले के मार्गदर्शन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेशकुमार प्रजापति द्वारा सर्विलेंस दल गठित किया गया है जो दिन और रात में पार्वती नदी के किनारे बसे ग्रामों का गश्त के माध्यम से एवं पैदल चलकर सर्विलेंस कार्य कर रहे हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेशकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्विलेंस पार्टमेंट दल द्वारा अन्नी ग्राम लगभग एक दर्जन ग्रामीणजनों जो अवैध रूप से विद्युत जल मोटर नदी में लगाकर आष्टा नगर के लिए संग्रहित व सुरक्षित जल की चोरी कर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे थे ऐसे ग्रामीणजनों पर सख्त कार्यवाही करते हुए लिखाई कार्य में लिप्त सभी विद्युत जल मोटरों को जब्त किया गया है। सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि पार्वती नदी में संग्रहित जल आष्टा नगरवासियों के लिए सुरक्षित है, ऐसे में नदी में अवैध रूप से ग्रामीणजनों द्वारा विद्युत जल मोटर के माध्यम से पानी की चोरी की जाना अपराध की श्रेणी में आता है। इस प्रकार का कृत्य करने वालों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही कर जब्त की गई।

विद्युत जल मोटरों को राजसात कर नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। पार्वती नदी से सभी ग्रामीणजनों से आग्रह है पार्वती नदी से संग्रहित पानी की अवैध रूप से चोरी करना बंद करें। सर्विलेंस दल में एस अनेंद्र सैलाश बागवान, रमेश यादव, राकेश बागवान, कमल नाथ, कपिल पमार, श्याम यादव आदि शामिल थे।

गैर–कानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला सिहोर में पुलिस प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों और गैर–कानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिलेभर में तैनात पुलिस टीमें कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई कर रही हैं। पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, दबिश और गश्त बढ़ाई गई है। अभियान के तहत नई स्थानों पर तलाशी अभियान, वाहन चेकिंग और रात्रि गश्त को तेज किया गया है। प्रशासन का कहना है कि शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

दिव्यांगजनों के साथ खड़ी है हमारी सरकार, नपाध्यक्ष

डीआर संवाददाता»सीहोर

दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद सीहोर द्वारा पीजी कॉलेज में मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगों की वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग के उप संचालक महेश ठाकुर, डॉ. हरिओम गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में आष्टा, भैरवा, श्यामपुर, दोराहा, बुदनी, भोयाल डोड से बड़ी संख्या में दिव्यांग पहुंचे थे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद सीहोर आष्टा कार्य कर रहा है। नगर पालिका द्वारा सीहोर में कई जगह पर मार्केट बनाए जा रहे हैं उसमें दिव्यांगजन भी आनलाइन आवेदन कर दुकान प्राप्त कर सकते हैं। वहीं संगठन की जिला प्रकल्प उमा चौरसिया ने संगठन के लिए कार्यालय संचालित करने का नया अध्यक्ष से आग्रह किया जिस पर उन्होंने कहा कि आप पूरी आवेदन दीजिए, आपकी सभी मांगें पूरी होंगी।

वहीं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगों के साथ खड़ी है। मैं आपके भाई जैसा हूं जब भी आप कॉल करेंगे मैं हाजिर होऊंगा। कार्यक्रम को महेश यादव ने भी संबोधित किया।

इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुशवाह ।

सलकनपुर देवी धाम में 10 दिन के लिए रोप–वे बंद

सलकनपुर। प्रसिद्ध देवी धाम सलकनपुर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए रोप–वे की सुविधा है। अब मरम्मत के कारण प्रत 9 दिसंबर से बंद रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए सीढ़ी का सहारा ले पा सकेंगे। सोमवार 9 से 18 दिसंबर तक अस्थायी रूप से बंद किया गया है। कलेक्टर रोपवे सर्विस सलकनपुर से प्रबंधक राजू श्रीवास्तव ने बताया कि रोपवे की मुख्य रस्सी (लोग) बदली जानी है। साथ ही अन्य तकनीकी सुधार के लिए विशेषज्ञ टीम काम कर रही है।

न्यूनतम तापमान लगातार 1 दिसंबर से अब तक 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले में ठंड ने जोर का प्रकोप जारी है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो लगातार दस डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

मौसम विभाग के मौसम वैज्ञानिक डॉ. लहरा ... ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से उमंगाई वाले हवाओं से पश्चिमी डिस्टर्ब के कारण बर्फबारी हो रही है। इससे सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की ओर आ रही हैं, जिससे पारे तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. लेहरा ने यह भी बताया कि अभी आगामी दो दिनों में ठंड में राहत मिलने की संभावना है, जिसके बाद न्यूनतम तापमान में और भी गिरावट आ सकती है।

सीहोर जिले में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। 1 दिसंबर को 8.5 डिग्री, 2 दिसंबर को 9 डिग्री, 3 दिसंबर को 8.5 डिग्री, 4 दिसंबर को 9.5 डिग्री, 5 दिसंबर को 7.5 डिग्री, 6 दिसंबर को 6.5 डिग्री, 7 दिसंबर को 6.5 डिग्री और 8 दिसंबर को 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। खासकर्लीय है कि सीहोर जिले में लगभग एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी। तब से न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है और अब लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा है।

कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को लैपल पिन लगाकर मनाया गया

डीआर संवाददाता»सीहोर

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागृह में कलेक्टर बालागुरू के. सहित सभी अधिकारियों को जिला कल्याण बोर्ड के संयोजक सूबेदार हरिनारायण सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने लैपल पिन लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया और सहयोग राशि प्राप्त की।

इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि मातृभूमि सैनिक कठिन परिस्थितियों में हर समय देश की सीमा की रक्षा करते हैं। देश के भीतर भी सैनिक अपनी अनूठी सेवाओं के द्वारा बाढ़, भूकंप, तूफान तथा प्राकृतिक विपदाओं के समय सहायता करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब भी महत्वपूर्ण सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग देकर सेना की

स्थान और सेवा की सुरक्षित परंपरा के सहयोगी बनने के लिए गौरव का अनुभव कर सकते हैं।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि से एकत्रित राशि शहीद सैनिकों के आश्रितों, दिव्यांग तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में उपयोग होती है। उन्होंने सभी से झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में दान करने की अपील की। उन्होंने झंडा दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिवस शहीद सैनिकों के सम्मान में उनके परिवारजनों को आर्थिक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

सम्मेलन हुआ | नवोदय विद्यालय 50 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया

नवोदय विद्यालय में संपन्न हुआ पूर्व छात्रों का सम्मेलन

डीआर संवाददाता»सीहोर

नवोदय विद्यालय में संपन्न हुआ पूर्व छात्रों का सम्मेलन भोपाल रोड स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 6 दिसंबर को विद्यालय से पढ़कर निकल चुके विद्यार्थियों का सम्मेलन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर के एस कोल उप प्राचार्य तैरा लाजी ने बताया कि यह सम्मेलन प्रतिवर्ष किया जाता है सांस्कृतिक कार्यक्रम को तैयार करने में संगीत शिक्षक श्याम सुंदर गढ़ का विशेष योगदान रहा जिसने देश के विभिन्न क्षेत्र में तरक्की कर रहे नवोदय के पूर्व विद्यार्थी यहां आकर अपने अनुभव साझा करते हैं एवं स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों को प्रेरणा स्वरूप अपने अनुभव बताते हैं और बताते हैं कि यहां के शिक्षकों को सम्मान करिए ऐसी संस्था आपको कहीं नहीं मिलेगी शानदार प्रतिभा को सर्वांगीण विकास करने के लिए एक ही स्कूल है नवोदय विद्यालय 50 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया शुरू छात्र का परिचार आए और अपनी छोड़ी हुई यादों को गुदगुदाते बिसरी यादों को ताजा किया अपने बचपन को देख और स्टेज जाकर अपने बीते हुए यादों को याद किया पूर्व छात्रा सब इंस्पेक्टर मंजू मेवाड़ा ने बताया नवोदय विद्यालय ने मेरे जिंदगी बदल दी घरेलू हमारी समाज में शिक्षा के अभाव में न जाने कितनी प्रतिभा खत्म हो जाती हैं पूर्व छात्र आर्केस्ट्रा आनंद परमार ने कार्यक्रम का संचालन किया डॉ कलपना खान ने बताया की स्कूल की बातों को कभी भुला नहीं पाते हैं यह शिक्षक कलपना सोनकर खेल का मैदान कभी कहें बाजा से गई दीपक वटुकेश्वरी सुनेना शिक्षा कोर्डिनेटर फिल ने भी अपने पुराने दिनों की याद ताजा करते बचपन की याद करके भावुक हुए इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

अंडर–18 की डिस्ट्रिक टीम विदिशा के लिए रवाना

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर चार दिनों अंडर–18 जिला स्तरीय टीम की ट्रायल हुई थी और उसके पश्चात यहां पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को अंडर–18 की 15 खिलाड़ी की टीम कप्तान नमनीत सोनी के नेतृत्व में विदिशा के लिए रवाना की गई। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुरेश राय ने टीम की जीत की कामना की है। पता दिनों एसोसिएशन के रविंद्र अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरू वर्मा ने अंडर–18 टीम के चयन के लिए समिति का गठन किया था।

डीसीए के मीडिया प्रभारी विवेक दीक्षित ने बताया कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में विदिशा में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सोमवार को अंडर–18 की जिला स्तरीय टीम को रवाना किया गया। इस मौके पर टीम का कप्तान नमनीत सोनी को बनाया गया है। उनकी अगुवाई में टीम विदिशा में शानदार प्रदर्शन करेगी। इससे पहले शहर के बीएसआई मैदान टीम का चयन किया गया था और प्रतिदिन दो ग्रुप में बनाकर अभ्यास मैच कराए गए और इसके आधार सीनियर सिलेक्टरों ने टीम को चयनित सिलेक्टियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया है। टीम के कोच के रूप में अक्षय दुबाने और मनोहर यादव मदन कुशवाहा रवाना हुए है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष,04 – 2082 सीहोर,दिन मंगलवार,दिनांक 09 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

नरवाई जलाने पर रोक लगाएं, करें जागरूक

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है। ठंडकके समय घटती है। किसानों को जागरूक किया जाए।

रंजिश में मारपीट, जान से मारने की धमकी

आष्टा। पार्षदी थानाक्षेत्र पुरानी रंजिश के चलते फरियादी के साथ आरोपियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी सतीश पिता ओंकार सिंह मालवीय निवासी पटारिया नोयल को आरोपी मेहरबान सिंह नेवाड़ा ने पुरानी रंजिश की बात करते हुए उपु ग्राम के पास नाली गलीच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

जावर तहसील अध्यक्ष बने धर्मेंद्र सिंह

जावर। सोयम क्षत्रिय राजपूत समाज की कोर कमेटी की बैठक रविवार को राजोद में समाज की धर्मशाला में हुई। बैठक में जावर तहसील अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह राजा ठाकुर रायपुरा सुनिता शाह को मनोनीत किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह सौहाना और उप्र अध्यक्ष के सदस्यों की मौजूदगी में हुई। समाज के मार्गदर्शक अमर सिंह राजपूत लालोद, अशोक सिंह कप्तान हाटपिपलिया, भवन सिंह ठाकुर पुरातिया हातु, राजेंद्र सिंह और प्रोफेसर भूपेंद्र कार्यकिया रहे। सभी कोर कमेटी सदस्यों और सामाजिक बंधुओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी। चुनाव के बाद राजा ठाकुर ने सभी सदस्यों का आभार जताया। कहा, कोर कमेटी ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। समाज को संगठित करने के लिए लगातार काम करता रहूंगा।

धर्मशाला के लिए टिनायर्ड शिक्षक ने दिए 8 लाख

जावर। श्रीराम मंदिर परिसर में बनने वाली धर्मशाला के लिए रविवार को भूमि पूजन हुआ। सेवानिवृत्त शिक्षक घनश्यामराम ठाकुर ने इसके लिए 8 लाख रुपए दान देने की घोषणा की। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस राशि से धर्मशाला का निर्माण होगा। भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित दत्त प्रसाद ने कराया। इस दौरान मंदिर समिति के सचिव जयनारायण राठौर, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सह कोषाध्यक्ष अजय सिंह, रघु भगवार, कैलाश राठौर, देवेंद्र ठाकुर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। समिति द्वारा मंदिर परिसर में पहले भी कई निर्माण कार्य कराए गए हैं। अब आगे भी निर्माण की योजना है। जिससे नगर और आसपास के लोगों को सुविधा मिल सके।

सांडों की धमाचौकड़ी किसी की जान न ले ले

आष्टा। नगर में इस समय आवारा मवेशी का जमघट बना हुआ है। कुछ जगह तो ऐसे हालात बन जाते हैं कि लोगों को अपना रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से निकलना पड़ता है। जो रास्ता जाम करके बैठे रहते हैं। इसके बाद भी नगर पालिका इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। इसमें विशालकाय सांडों की भूख कुत्ती नगर के गली मोहल्ला तथा प्रमुख सार्वजनिक मार्गों पर देखने को

टीएल बैठक

सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए

नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन कार्य में तेजी लाएं – राजस्व वसूली भी बढ़ाएं , कलेक्टर बालागुरु के.

डीआर संवाददाता» सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के साथ-साथ लंबे प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरु के ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों प्राथमिकता से बंद कराई जाएं।

बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरु के. ने निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कराकर नामांतरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने हेतु मीडियो के कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंडी में सोयाबीन की आवक पर निरंतर नजर रखी जाए, ताकि कोई अनाज किराना या आपाती अन्नों सोयाबीन की बिक्री न कर सके। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से मोर्चों का निरीक्षण करें।

नरवाई जलाने पर रोक लगाएं, किसानों को जागरूक करें

कलेक्टर बालागुरु के ने प्रशिक्षित किसानों को नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है, मिट्टी की उर्वरता घटती है और वायु प्रदूषण भी बढ़ता है।

इसलिए कृषि, राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारी किसानों को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि यदि जागरूकता के बावजूद कोई किसान नरवाई जलाता है तो निश्चयानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनरी एवं सरकारी केंद्रों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाए, ताकि वे बरसाई की जलाने की बजाय उसका उपयोग अन्य कृषि कार्यों में कर सकें। और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को दें।

क्षेत्र के राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की हुई बैठक

डीआर संवाददाता» आष्टा

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रहे कार्यक्रम के अंतिम चरण में घर घर जाकर के दौरान पाए गए मृत, शिफ्ट, अनुपस्थित और रिपीट मतदाताओं की सूची का सत्यापन कराए जाने हेतु बीएलओ और बीएलए की बैठक के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी आष्टा के कार्यालय में किया गया।

बैठक में सभी प्रतिनिधियों को अभी तक हुए कार्य की जानकारी देकर बीएलए एजेंटों को मतदाताओं की सूची प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि अभी भी अगर कोई मतदाता सत्यापन से शेष रह गया है और वह आधारी जानकारी में उपस्थित है तो उसका सत्यापन संबंधित बीएलओ से कराया जा सकता है।

बीएलओ द्वारा सत्यापित किए गए मतदाताओं की सूची बीएलए बैठक में मिलान करने के बाद भी अगर कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसे रेजीडेंशियल किया जा सकता है। सभी बीएलओ को इस संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जितेंद्र सिंह ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी से घनश्याम मल जैन तथा आम आदमी पार्टी से अखिलेश जैन उपस्थित हुए।

एसडीएम ने कुबेरेश्वर धाम पर तैयारियों का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता» सीहोर

एसडीएम तनय वर्मा ने सीहोर जिला स्थित कुबेरेश्वर धाम पर आगामी फरवरी माह 2026 में आयोजित होने वाले रुद्रक्ष महोत्सव के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड ट्रांसपोर्ट प्लान, रेल, बसों एवं आटो से श्रद्धालुओं के आने-जाने की स्थिति, एलईडी व्यवस्था, मीडिया प्रबंधन, पानी, फायर सेफ्टी, बिजली, प्रदेश एवं निजामती की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सप्रदर्शनी के माध्यम से विज्ञान के रहस्यों को किया उजागर

डीआर संवाददाता» आष्टा

स्थानीयों के माध्यम से विज्ञान सीएन राइज विद्यालय के प्राचार्य व विज्ञान प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी रिजवान खान ने बताया कि उच्च शिक्षा अभियान लक्ष्य शिक्षण संचालनालय निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल व शासकीय कन्या हाई स्कूल में आयोजनरत विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और विभिन्न समकालीन समस्याओं के पीछे निहित विज्ञान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सीएन राइज विद्यालय में किया गया। इस प्रदर्शनी में आष्टा विकासखण्ड के छह शासकीय हाई स्कूल और शासकीय कन्या हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थी विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए प्रेरित होते हैं, जिनमें विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है और उनमें खोजशीलता एवं नवाचार क्षमता का विकास होता है। विद्यार्थियों ने समस्या समाधान, कौशल, विकास में सहायता मिलती है और विज्ञान की नई तकनीकों के बारे में जिज्ञासा सीखते हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में पंडा परमार, डॉ. लेकचन्द सिंह, डॉ. सिद्धार्थ नागर, गुलसीमन प्रजापति सोनू, सुरेश सिंह सिद्धौकनेज ने प्रायोगिकों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का सीहोर जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश की मनोनीत कार्यकारिणी की बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। बैठक में समाज संगठन के विस्तार, आगामी योजनाओं तथा सामाजिक में संचालित की जाने वाली गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। सीहोर जिला अध्यक्ष व पूर्व। पार्षद नरेंद्र कुशवाहा ने नवनिर्वाचित व निर्वाचित पुनः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में योगेश मानसिंह कुशवाहा ने समाज में एकजुटता, शिक्षा के प्रसार, युवाओं की भूमिका तथा राजनीतिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर समाज बंधुओं का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम में सामाजिक गणमान्य सिंह कुशवाहा, तुलसीराम कुशवाहा, इंदर सिंह कुशवाहा बतौर अतिथि मंचासीन रहे। इस अवसर पर सीहोर जिला के विजलोन पूर्व सरपंच हेमराज कुशवाहा, मालसिंह कुशवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भगवान सिंह कुशवाहा (ग्राम मालपुरा), आष्टा से राम कुशवाहा, भजन कुशवाहा, सुमन कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल रविंद्र राजाज ने अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

सीहोर। निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार डेहरिया ने यह दिशा कायम कि शासन निर्देशानुसार अब निजी फिजिओ होम एवं क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट का विभिन्न यह उपचारपूर्वक तहत रजिस्ट्रार संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2002 के स्थापित प्रावधान अनुसार रामतल फीजियोथेरेपिस्ट के अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया है। अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में में लगातार प्रयास कर रहा हूं।

चिकित्सा के लिए में पूरी तरह से कृत संकल्पित है। इस अवसर पर ग्राम पहुंचने पर सरपंच पुलसुपर धर्मसिंह वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा विकासक सहित सभी अतिथियों का भव्य स्वागत सम्मान कर श्रीफल का पट भी सौंपा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुगवान, मंडल अध्यक्ष देवकी पटेल,रामेश्वरम पालपति, सतीश सोनानिया, विष्णु पारगर, जितेन्द्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, ग्रामीण उपस्थित रहे।

आष्टा सिविल अस्पताल में अव्यवस्था से तहसीलदार

डीआर संवाददाता» आष्टा

आष्टा सिविल अस्पताल में अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। तहसीलदार राम पगारे के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में मात्र एक कुपोषित बच्चा मिला, वहीं आष्टा ब्लॉक में कुपोषित बच्चों की संख्या काफी अधिक है। तहसीलदार ने इस स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और महिला बाल विकास विभाग को सभी कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार राम पगारे एनआरसी में केवल एक बच्चे को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। केंद्र में जिम्मेदार कर्मचारी भी गैरमौजूद पाए गए। उन्होंने तत्काल मीटिंग की, अमित माथुर को बुलाकर इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा।

बीएमओ डॉ. माथुर ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग की ओर से कुपोषित बच्चों को एनआरसी में नहीं भेजा जा रहा है। इस पर तहसीलदार ने मौके पर ही विभागीय सुपरवाइजरों को नोटिस जारी किया कि वे कुपोषित बच्चों को तुरंत अस्पताल भेजें, ताकि उनकी समय पर उपचार मिल सके।

आष्टा विकासखंड में सैकड़ों कुपोषित बच्चे चिह्नित हैं। दिसंबर माह के रिकॉर्ड में एक भी बच्चे की भर्ती दर्ज नहीं थी, जबकि मौके पर एक बच्चा उपचाररत पाया गया। इसे गंभीर लापरवाही का मामला माना जा रहा है।

लोकार्पण

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने पुलिया और सीसी रोड का किया लोकार्पण

ग्राम पखनी को विधायक गोपाल इंजीनियर ने दी विकास की सौगात

डीआर संवाददाता» आष्टा

विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बमुरिया शिर्पे के ग्राम पखनी की आज वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण के लिये आज ग्राम पखनी में 15 लाख की लागत से निर्मित पुलिया एवं सीसी रोड का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जनपद पंचायत आष्टा के अध्यक्ष अतिथियों सोनू गुगवान ने उपस्थित सभी अतिथियों की उपस्थिति में लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आष्टा विधानसभा की लोई में पंचायत, पंचायतों के अंतर्गत आने वाले ग्राम विकास कार्यों में पीछे नहीं रहेंगे।

मेरा प्रयास है कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र मेजरस का एक ऐसा मॉडल बने विकास प्रदेश में उदाहरण दिया जाए।

रेड रिबन क्लब ने एड्स जागरुकता रैली और मानव

डीआर संवाददाता»रेहटी

शासकीय महाविद्यालय रेहटी के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजलि गढ़वाल के संरक्षण में महाविद्यालय परिसर से लेकर रेहटी बस स्टैंड तथा बाजार में किया गया। रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील कुमार मालवी के निर्देशन में इस रैली का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करना है। रेहटी के हनुमान चौक पर पहुंचकर विद्यार्थियों के द्वारा मानव शृंखला रेड रिबन चिन्ह बनाकर एड्स जागरूकता का संदेश देकर नहीं लगाना होगा एड्स को दूर भगाना होगा लोगों को दिया। इस अवसर पर डॉ दीपक राजने डॉ

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-04,2082 | विदिशा, दिन मंगलवार ,दिनांक 09 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

दिलाया जमीन का कब्जा

विदिशा। नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने बताया कि ग्राम पिपरिया में लम्बे समय से लंबित भूमि संबंधी प्रकरण का निराकरण करते हुए राजस्व विभाग ने आवेदक गोपाल अहिरवार को सर्वे क्रमांक 30 की भूमि पर मौका कब्जा विधिवत रूप से सौंप गया है। भूमि पर कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन किया गया था।

कृषि यंत्रों पर अनुदान आवेदन 9 तक होंगे

विदिशा। कृषि विभाग द्वारा जिले अपनाने की अपील की गई है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा नवाचार प्रमोशन हेतु उपलब्ध कराए जा रहे आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर, मल्चर आदि पर उपयोग करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी इस दिशा में प्रयास बढ़ाने का आग्रह किया। अनुदान हेतु आवेदन 9 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, मेकरमल्चर, बेलर, स्ट्रॉ रीपर एवं स्प्रेयर सहित विभिन्न यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर निर्धारित की गई है। डीसीए कृषि केंद्रण समितियों ने किसानों से अनुदान योजना का लाभ लेने की अपील की है।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर ध्वज लगाया

विदिशा भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऐसे जवान जो देश की रक्षा, राज्य की सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा के दौरान एवं प्राकृतिक आपदाओं में कर्तव्य पालन करते समय वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। उनका स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश आन नागरिकों को अपने सैनिकों से प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए सभी ने ध्वज लगाया।

शासकीय आईटीआई में ओपन कैंपस ड्राइव कल

विदिशा शासकीय आईटीआई विदिशा में 10 दिसम्बर को मेगा ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसी भी ट्रेड से आईटीआई पास अभ्यर्थ एवं किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा धारी छात्रों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। प्रतिभागियों को 10 दिसंबर की प्रातः 11 बजे से बजे तक पंजीयनों के साथ उपस्थित होना है।

राज्य स्तरीय दल के जिले की प्रगति पर की चर्चा

विदिशा। राज्य स्तर से जिले का औपचारिक निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर, डॉ. सिमरनी यादव (उप संचालक, शिक्षा मध्यप्रदेश) तथा राज्य संसाधन सौरभ गौर ने सीएमएचओ के साथ पीजीडीसी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन एवं विस्तृत चर्चा की।

उमयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक आज

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार 9 दिसंबर को जिला स्तरीय उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया है। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं सचिव जिला स्तरीय उभयलिंगी कल्याण बोर्ड ने बताया कि बैठक दोपहर तीन बजे से कलेक्ट्रेट के बैठक सभाकक्ष में शुरू होगी।

अवैध क्लीनिकों की जांच के लिए कमेटी गठित

विदिशा। नगर सहित जिलेभर में संचालित अवैध क्लीनिक, नर्सिंग होम से लेकर अवैध मेडिकल स्टोर एवं झोलाछाप डॉक्टरों की जांच के लिए सीएमएचओ डॉ रामशिंदे सूत्रार ने 7 अधिकारियों को मिलाकर टीम का गठन किया है।

निकाय से संबंधित मांगों को लेकर गांधी प्रतिमा पर धरने पर पार्षद

पार्षदों ने अर्द्धनग्न होकर किया प्रदर्शन मनाने धरनास्थल पहुंचे विधायक टंडन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नगरपालिका से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर नीलकंठ गांधी प्रतिमा पर धरना दे रहे पार्षदों ने सोमवार को अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। पार्षदों ने जब अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया तो स्थानीय विधायक मुकेश टंडन धरना स्थल पहुंचे और पार्षदों से चर्चा की। लेकिन बात नाही बनी और पार्षदों ने शाम तक आंदोलन में मजबूत कर जवाब देने की बात कही।

इस दौरान पार्षदों ने नगाध्यक्ष को विरोध प्रकार सौंपे जाने की मांग रखी तो विधायक टंडन ने तत्काल नगाध्यक्ष को चार्ज दिलवाकर मांग पूरी कर दी। डामर रोड और नगाध्यक्ष को चार्ज दिये जाने की मांग पहले शामिल नहीं थी लेकिन इसी बाद में पार्षदों ने अपनी मांगों में शामिल किया है। लेकिन अन्य मांगों पर भी पार्षद तत्काल एक्शन दिखाने की मांग पर अड़े रहे। नगर के आधा दर्जन पार्षद अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं

और 27 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्षदों ने अलग अलग तरीके से भी प्रदर्शन कर सरकार और प्रशासन का ध्यान खींचने का प्रयास कर चुके हैं। लेकिन अभी तक प्रशासन और सरकार की तरफ से किसी ने भी प्रदर्शन को खत्म कराने की पहिश में ठोस कदम नहीं उठाया है।

विदिशा। गांधीप्रतिमा पर अर्द्धनग्न प्रदर्शन कर रहे पार्षदों को मनाने पहुंचे विधायक।

इस संबंध में पार्षदों का दल राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही कर चुका है।

गांधी प्रतिमा पर धरना देने वाले पार्षदों ने प्रमुख रूप से मनेन्द्र सक्सेना, अशोक जाट, जम्मा कुशवाह, दीपक गुरुवाह, राजेश लोधी शामिल है। धरना प्रदर्शन के शुरुआती दिनों में पार्षदों की रक्षा के लिए पुलिस के अलावा थे। लेकिन पार्षद पीछे हटते चले गये। लेकिन पांच पार्षद पिछले 27 दिनों से धरनास्थल पर डटे हुए हैं। इन पार्षदों की मांग है कि चार्जों को नगपंचायत से जरूर जाने के कदम उठाए जाएं। नगर के अधिकारियों व शासन प्रशासनों को बदले जाने की मांग प्रमुखता से शामिल है।

निर्माण कार्य चालू कराने पर अड़े पार्षद

लाइन के उस पार तुगलगंज कुलतुरा सीमा में सीवरों का कलेक्शन जारी हो चुका है। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य चालू नहीं हो सका है। इन सीवरों के निर्माण होने से अहमदपुर रोड, कुलतुरा टोलाखेड़ी से लेकर बीनगर खास पुलिया तक इसी तरह पानी की सप्लाई शुरूआत हो जाएगी। प्रत्येक घर तक पानी आसानी से पहुंचने लगेगा।

डामर रोड बनाने की मांग कर रहे हैं पार्षद

नगपंचायत स्कूल नीलकंठ से बांकपुर्नी होते हुए बड़ा बाजार तक डामर रोड चालू कराया जाए। इस वर्ष का वर्क आर्डर जारी हो चुका है लेकिन कार्य चालू नहीं हो सका है। इसके अलावा नगपंचायत से बड़ाबाजार होते हुए रामलीला चौराहे तक डामर रोड बनाया जाए। इसका पहले डामर रोड का वर्कआर्डर जारी हुआ था। लेकिन बाद में इसे सीवरी निर्माण में बदल दिया गया था।

खारीफ फसल बीमा व बिजली संकट पर प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ कुरवाई

भारतीय किसान संघ तहसील कुरवाई ने मंगलवार को बिजली संकट और खरीफ 2025 की फसलों के बीमा व मुआवजे को लेकर बड़ा आंदोलन किया। संघ संरक्षक विजेन्द्र के नेतृत्व में किसान ट्रैक्टरों के साथ जुटे। यहां से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा।

बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर भोपाल बिजली कंपनी के एमडी को डीई के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। किसान संघ ने कहा कि संगठन लगातार किसानों की समस्याएं शासन–प्रशासन तक पहुंचाता रहा है। इसके बावजूद समाधान नहीं हुआ। इससे किसानों की हालत और खराब होती जा रही है। आंदोलन में किसानों की प्रमुख समस्याएं विस्तार से बताई गईं।

खरीफ 2025 की सोयाबीन, उड़द और मक्का की फसलें अतिवृष्टि से पूरी तरह बर्बाद हो गईं। किसानों ने बताया कि कई बार जानकारी देने के बाद भी न तो सर्वे हुआ, न मुआवजा मिला और न ही बीमा क्लेम जारी हुआ। किसानों ने मांग की कि जल्द सर्वे कराकर मुआवजा और बीमा राशि दी जाए। समय की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग भी जोरदार तरीके से उठाई गई। किसानों ने कहा कि यदि समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं हुई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा।

कार्यक्रम में प्रांत मंत्री विनोद बाबू दुबे, संभाग अध्यक्ष विशाल सिंह बघेल, जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन, जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, जिला सह मंत्री पीतेश जैन, जिला सदस्य

आवेदक गोपाल अहिरवार को सर्वे क्रमांक 30 का मौका कब्जा सौंपा गया

डीआर संवाददाता ✍ शमशाबाद

नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने बताया कि ग्राम पिपरिया शमशाबाद में लम्बे समय से लंबित भूमि संबंधी प्रकरण का निराकरण करते हुए राजस्व विभाग ने आवेदक श्री गोपाल पिता श्री किसान अहिरवार को सर्वे क्रमांक 30 की भूमि पर मौका कब्जा विधिवत रूप से सौंप गया है।

तहसीलदार श्री जैन ने बताया कि आवेदक द्वारा पूर्व में उक्त भूमि पर कब्जा दिलाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर राजस्व विभाग द्वारा आवश्यक जांच–पड़ताल के बाद प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण की गई। मंगलवार को राजस्व अमले ने मौके पर पहुँचकर भूमि

की सीमाओं का भौतिक सत्यापन किया।

सत्यापित दस्तावेजों के मिलान के बाद ऊपरोक्त के पक्ष में कब्जा प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी की गई।

मौके पर मोहन पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा सीमाएँ चिह्नित कर पंचनामा तैयार किया गया, जिसकी उपस्थित आवेदक गोपाल को भूमि का कानूनी कब्जा सौंपा गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्रवाई की पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन आवश्यक भूमि संबंधी वैध मामलों के त्वरित निराकरण के प्रति प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों ने भी विभाग द्वारा की गई समयबद्ध कार्रवाई की प्रशंसा व्यक्त की है।

जारी बर्फबारी का असर व विदिशा सहित मैदानी इलाकों में भी असर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पहाड़ी क्षेत्रों में जारी बर्फबारी का असर अब विदिशा सहित मैदानी इलाकों में भी दिखाई देने लगा है। उत्तर–पूर्व दिशा से चल रही ठंडी हवाओं के कारण सोमवार और मंगलवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

रविवार को अहसास दिनभर बादलों से ढका रहा और सुबह

हल्का कोहरा भी छाया रहा। धूप न निकलने से दिनभर ठंड बढ़ गई और ओस की बूंदें जमने लगीं। वहीं रात में बादलों की मौजूदगी के कारण न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई जो शनिवार के 5 डिग्री से बढ़कर 7.5 डिग्री सेल्सियस हो गया। लगभग 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ठंडी हवाओं ने लोगों को कंपकंपा दिया।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, 10 दिसंबर तक मौसम का यही रुख बने रहने की संभावना है।

विशेष एआइ. लेख का कहना है कि पहले हवाएं पूर्व दिशा से चल रही थीं, लेकिन अब उत्तर–पूर्वी हवाएं सक्रिय हैं, जिससे बादल बढ़े और तापमान में उतार–चढ़ाव देखने को मिला है।

नगपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने वापस कार्यभार संभाला, पहुंचीं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नगरपालिका में चली उपाध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष को चार्ज सौंपने के बाद सोमवार को नगपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने पुनः चार्ज संभाल लिया है। सोमवार को वे अपने कक्ष पहुंची और नगर बीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर जी मौजूदगी में कार्यभार संभाला।

उल्लेखनीय है कि नगर में चले राजनीतिक घटनाक्रम संगठन ने अंतरकलह रूप से राय किया था कि किसानों में दूरी बनाने के लिए युवा समाज के लिए नगर उपाध्यक्ष

को विशेष प्रभार सौंप दिया जाए।

इसके चलते उपाध्यक्ष रुपाध विद्यार्थियों को विशेष प्रभार दे दिया गया था। लेकिन सरकार होने जीवाद करते हुए नगर उपाध्यक्ष को चार्ज सौंप दिया गया था। इसको ले से पार्षद भी चार्ज दिये जाने की मांग कर अड़े थे।

शासकीय आईटीआई विदिशा द्वारा पापुलर कम्पनीज में प्लेसमेंट का सुनहरा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शासकीय आईटीआई विदिशा में 10 दिसम्बर 2025 को ताकि लोकल जिला, बाहर के कम्पनियों मेला ऑफलाइन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसी भी ट्रेड से आईटीआई पास आउट एवं किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा धारी छात्रों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में महिंद्रा एंड महिंद्रा, कुंडई, लार्सन एंड टर्बो, बाजा इंटरनेशनल ऑटोमोटिव कम्पनीज जैसी पापुलर कम्पनीज में प्लेसमेंट का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। प्लेसमेंट में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 10 दिसम्बर की प्रातः 11 बजे से बजे तक शासकीय आईटीआई विदिशा गुलाबगंज स्थित प्रोग्राम होगा, जहां पर एनकोर के साथ **विदिशा (एआइ)** में आवश्यकतानुसार संख्या एवं विभिन्न ट्रेडों के अभ्यर्थी उपस्थित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए 7030000618, 7030000716, 7030000048, 7030000072 पर कॉल कर सकते हैं।

नगर में बह रहे 2 के लिए विधायक नालों के सर्वे ने लिखा पत्र

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नगर के बीजोबीज से होकर बहने वाले दो प्रमुख नाली का नये सिरे से सर्वे कराने के लिए विधायक मुकेश टंडन ने कलेक्टर को पत्र लिखा। विधायक ने अपने पत्र में कलेक्टर से अनुरोध किया है कि विभिन्न विभागों के इंजीनियरों की टीम बनाकर इन नालों का सर्वे कराया जाए। विधायक ने पुराने जिला अस्पताल से होकर बालकदास की तलैया, बांसकुली के होते हुए गर्ल्स स्कूल केसापुरा की तरफ बहने वाले नाले का सर्वे

के लिए लिखा है। इसके साथ ही बसस्टैंड के निकट गुलाब प्रतिमा से प्रारंभ होकर तिब्बी कॉलोनी से होता पटेल गार्डन की तरफ बहने वाले नाले का सर्वे कराने की मांग रखी है।

यह दोनों नाले बरसात के समय ओवरफ्लो हो जाते हैं और आवागमन बंद हो जाता है। इन दोनों नालों के कारण नीलकंठ से बड़ा बाजार का रास्ता बंद हो जाता है। इसर बालकदास की तलैया और बांसकुली में भी रास्ते बंद हो जाते हैं। बड़ा बाजार से लेकर संतपुरा से भी रास्ते जलभराव हो जाते हैं। इसी तरह तिब्बी कॉलोनी वाले रास्ते पर भी पानी भराव है। उक्त दोनों नालों के कारण इन नालों के आसपास मकानों और प्रतिष्ठानों के कई घरों में पानी घुस जाता है। वहवासियों के साथ नया और व्यवसायी के लिए हर साल मुसीबत बनाते हैं घर नालें।

ध्वज वितरित सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारियों को ध्वज लगाया

कल्याण, विधवा एवं विकलांगों की आर्थिक रुप से सहायता प्रदान करने के लिए ध्वज वितरित

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऐसे जवान जो देश की रक्षा, राज्य की सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा के दौरान एवं प्राकृतिक आपदाओं में कर्तव्य पालन करते समय वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं, उनका स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश आन नागरिकों का अपने सैनिकों से प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए देश में प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर का दिन सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उक्त दिवस को देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों के परिवारों के कल्याण, विधवा एवं विकलांगों की आर्थिक रुप से सहायता प्रदान करने के लिए

ध्वज वितरित कर धन राशि एकत्रित की जाती है।

इस अवसर पर विदिशा जिला मुख्यालय पर 07 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक सशस्त्र सेना झण्डा सप्ताह के अन्तर्गत आज 08 दिसम्बर सोमवार को कलेक्ट्रेट के बैठक सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार जायसे, जिला गंगाधर सोईजी सहित अन्य अधिकारियों को ध्वज लगाया तत्पश्चात सैनिक दान राशि संग्रहित की गई।

कलेक्ट्रेट के बैठक सभाकक्ष में भोपाल जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव छत्री के निर्देशानुसार सशस्त्र सेना ध्वजा दिवस के अवसर पर विदिशा सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्षों रेखा निगुए की सूबेदार सोहमान सिंह, कैप्टन श्री एस.पी. चतुर्वेदी , सूबेदार मेजर श्री रमेश कोरवाल, हवलदार श्री रामलायन मीना, हवलदार श्री एस.डी. रैकवार, नायक श्री नरेंद्र शर्मा, नायक श्री रविंद्र यादव आदि पूर्व सैनिकों ने अधिकारियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर प्लेग लगाकर झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी और पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों ,वीर नारियों के लिए के लिए राशि एकत्रित की।

सभी से अनुरोध किया गया कि अपनी इच्छा अनुसार अपनी राशि झंडा दिवस के उपलक्ष में दान करें, जिससे प्रदेश के और जिले के पूर्व सैनिकों उनके परिवारों और वीर नारियों के कल्याण के लिए राशि का इस्तेमाल हो सके।

श्रेयी से अखिलेश

---

63 लीटर अवैध मदिरा पर बड़ी कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

63 बल्क लीटर देसी मदिरा जब्त, आरोपी जेल भेजे गए

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री शरद पाठक के मार्गदर्शन में, शासकीय जिला आबकारी अधिकारी श्री राजीव नायक एवं श्रीमती सावन पटेल के नेतृत्व में आज रविवार को अवैध मदिरा के भंडारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। तूल विदिशा 'क' अंतर्गत प्राप्त मुखबिर सूचना पर ग्राम खानखेड़ा तिराहा पर नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध स्थिति में आती टीवीएस फोर्टेनेक मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी68 एम.एल 4– आगे का

नंबर प्लेट टूटा हुआ) को रोका गया। तलाशी में मोटरसाइकिल पर लदे दो थैलों में कुल 350 पाव (63 बल्क लीटर) देसी मदिरा प्लेन अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई।

वाहन चालक द्वारा किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर मदिरा को कब्जे आबकारी में लिया गया तथा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उनमें अजय पुत्र मोहनलाल लखन जादौन पुत्र रामसमझ, उम्र 33 वर्ष, निवासी विक्रमपुर,जिलेट पुत्र रमेश सूर्यवंशी, उम्र 35 वर्ष, निवासी आबादपुरा कॉलोनी, विदिशा,आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश प्राप्त हुए।

जब्ती का विवरण

जिला आबकारी अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि आज सायन्न हुई कार्यवाही में देसी मदिरा प्लेन 63 बल्क लीटर बाजार मूल्यक लगभग 24 हजार 500 रुपए मोटरसाइकिल का मूल्यक लगभग तीस हजार रुपए आंकलन किया गया है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-04,2082 | राजगढ, दिन मंगलवार,दिनांक 09 दिसंबर,2025

न्यूज गैलरी

ना तहसीलदारों को कनिष्ठ आअ की दी जिम्मेदारी

राजगढ़। जिले में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों की कमी को देखते हुए कलेक्टर ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों एवं न । य क तहसीलदारकार्यपालिक मजिस्ट्रेट के बीच कार्य निर्धारण किया गया है। यह अधिकारी शासकीय उचित मूल्य दुकानों की निकायतों की जांच व प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

पानी भरने को लेकर दो बहनों में विवाद, केस

ब्यावरा। वेकुंठ नगर निवासी मंगल पुत्री भगवान शाक्यवार ने सिटी पुलिस को बताया कि वह सोमवार सुबह नल पर पानी भर रही थी। उसी समय पानी भरने को लेकर उसकी बहन पूजा बाई ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने शिकायत पर पूजा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

हादसे में युवक घायल

ब्यावरा । सिविल अस्पताल ब्यावरा में सोमवार को 35 वर्षीय युवक इमरान पिता रमजान अली निवासी ब्यावरा वार्ड 12 को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि सड़क हादसे में युवक घायल हुआ है। युवक का कहना था कि उसे मारपीटा गया है। पुलिस जांच करेगी।

युवक ने शराब के साथ कीटनाशक दवा निगल ली,

ब्यावरा। सिविल अस्पताल ब्यावरा में सोमवार को दो मरीज जहरीला पदार्थ निगलकर पहुंचे हैं। जिनमें एक युवक ने शराब के साथ नशे की हालत में कीटनाशक दवा निगल ली। वहीं एक युवती की हालत गंभीर होने के कारण उसे भोपाल रेफर किया गया है।

हादसा में पिता की मौत, बेटा घायलय

अशोक नगर। अशोकनगर मुंगा रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार टाटा नेक्सॉन कार ने दो बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मुंडा डोगर निवासी 55 वर्षीय बारसी आदिवासी की मौत हो गई, जबकि एलका 30 वर्षीय बेटा धनीराम आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

धनीराम की बाइक के आगे चल रही दूसरी बाइक पर सवार गढ़ी निवासी बृजेन्द्र यादव और अंकेश यादव की बाइक से टकरा गई, जिससे उनको भी चोटें आई हैं। सभी बाइक सवार अशोकनगर से शादीरा की ओर जा रहे थे। घायल भी इसी दिशा में जा रही थी और उसने पीछे से बाइकों को टक्कर मारी।

एसपी से गुहार | अवैध रेत, मुरम परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, दो डंपर जब्त

एमपीडब्ल्यूएल कार्पोरेशन के पूर्व से दो शादी कर चुका है आरोपी, पीड़िता को देता रहा शादी का झांसा

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावर

सोमवार को खनिज विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में सारंगपुर पहुंचे तो उन्हें अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिट्टी रेत एवं मुरम से भरा हुआ डंपर परिवहन करते पाया जिसे जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा नियमों को ताक पर रखकर नदी-नालों से रेत निकालने, ट्रैक्टर-डंपरों के माध्यम से शहर तक पहुंचाने और बिना अनुमति खरीद-फरोख्त किए अवैध रेत परिवहन एवं मुरम से जहां शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं सड़क सुरक्षा और पर्यावरण पर भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है।

खनिज विभाग ने छापामार सोहान लिया जानकारी के अनुसार सहायक

खनिज अधिकारी कार्यालय राजगढ़ के माध्यम से एक डंपर क्रमांक एमपी 38 एफ 4036 तथा दूसरा डंपर क्रमांक एमपी 04 जेड जी 9544 को थाने परिसर में खड़ा कर जब्त किया गया। दोनों ही मामलों में डंपरों की सुरक्षा हेतु चालकों को पाबंद किया गया, जिनकी जिम्मेदारी चालकों पर ही निर्धारित की गई है। संबंधित प्रकरणों में आवश्यक रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया में खुश उजागर ही खनिज प्रशासन सक्रिय हुआ। लोगों

का मानना है कि स्थानीय प्रशासन अगर ध्यान देते तो अवैध मुरम मिट्टी रेत आदि के अवैध खनन और परिवहन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि केवल प्रतीकात्मक कार्रवाई के बजाय अवैध रेत एवं मुरम के पूरे नेटवर्क पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में माफिया दोबारा सिर न उठा सकें। फिलहाल, खबर के असर के रूप में देखा जा रहा है, जिसने प्रशासन को कदम उठाने के लिए मजबूर किया है।

पीड़िता ने एसपी को दिया ज्ञापन

कैपेसिटी मशीनों से काम शुरू, 30 मिनट में 100 बेडशीट धुलाई

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

300 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल को 800 बेड की क्षमता के लिए उन्नत करने के बाद यहां सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं। नए भवन के शुरू होने के बाद मरीजों को पहले से अधिक और बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। इसी कड़ी में बेडशीट धुलाई व्यवस्था को भी आधुनिक बनाया गया है। अब अस्पताल में बेडशीट की धुलाई नदी के बहते गंदे पानी में नहीं होगी, बल्कि नई-कैपेसिटी मशीनों से परिसर में ही होगी। अस्पताल में तीन नई वॉशिंग मशीनें स्थापित की गई हैं, जिन्हें 500 बेड की भविष्य की जरूरतों को देखते हुए लगाया गया है। वोलवार्ड को इनका विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

पहले नदी के पानी में होती थी धुलाई,

सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि ये मशीनें 30 मिनट में 100 बेडशीट धो सकती हैं और 30 मिनट में 60 बेडशीट सुखा सकती हैं। पहले बेडशीट नदी के गंदे पानी में धुलाई के लिए भेजी जाती थीं। इससे मरीजों में संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता था। बारिश के दिनों में धुलाई और सुखाने में और भी परेशानी आती थी, और अस्पताल में बेडशीट पहुंचने में 1-2 दिन लग जाते थे। नई मशीनों के लगने के बाद धुलाई और आपूर्ति दोनों समय पर होंगी।

अलग दिनों में अलग-अलग रंग की शीट देंगे

वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार विभिन्न दिनों में अलग-अलग रंग की बेडशीट बदलने का नियम है। ये व्यवस्था अब अधिक सुचारु रूप से चलेगी। पहले शीट की धुलाई के लिए तीन कर्मचारियों की स्थिति थोड़ी धीमी थी और अब यह बेड साथ गति से अधिक काम आएगा। अब सभी स्थानीय होटल और कर्मचारियों की पेशेवर भी बन होगी। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि उन्नयन के बाद बढ़ी हुई 500 बेड क्षमता के अनुसार नई मशीनें बेडशीट धुलाई को पूरी तरह वैज्ञानिक, सुरक्षित और समयबद्ध बनाएंगी। संक्रमण का खतरा लगभग खत्म हो जाएगा।

निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोट से हराकर राजगढ़ सदर

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

दरगाह अंजुमन इस्लाम कमेटी राजगढ़ द्वारा रविवार को पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से राजगढ़ शहर सदर का चुनाव संपन्न कराया गया। शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से हुए चुनाव में अनवर खान उर्फ मोनू निवासी पुत्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोटों से हराकर चुनाव जीत लिया

स्थानीय पुत्र क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में रविवार हुए चुनाव के लिए बकायदा एक 12 सदस्यीय चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिन्होंने पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। चुनाव अधिकारी शहर काजी वेसल नाजिम अली एवं सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद अल्लाह ने बताया कि सदर बनने कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे।

राजगढ़ की 13 मस्जिदों के 248 सदस्यों ने अपने चुनिंदा प्रत्याशी को वोट डाले। इनमें अनवर खान उर्फ मोनू ने 92 वोट प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी अनवर उर्फ राजा को 8 मतों से पराजित कर दिया। तीन साल के लिए बनाए गए हैं सदर

चुनाव कमेटी के प्रत्याशियों ने बताया कि सदर का चुनाव तीन साल में एक बार होता है। निर्वाचित हुए सदर अनवर अपनी कार्यकारिणी बनाएंगे। मतगणना पश्चात आधिकारिक रूप से विजय घोषित होने पर सदर अनवर ने उपस्थितों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वे यह जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे एवं सभी के सहयोग से कौम के लिए बेहतर से बेहतर काम उनके द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही इमामों की तनख्वाह बढ़ाने को लेकर भी उन्होंने अपनी बात रखी।

किस प्रत्याशी को किलो मत मिले प्रत्याशी कर नाम प्राप्त मत

अनवर खान उर्फ मोनू 92
अनवर उर्फ राजा 84
आबिद हसन जहराबार अंसार मिस्त्री 04

बिजली कटौती पर नाराज किसान, 200 लोग सड़क पर बैठ

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

जिले के शाढौरा में बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने विद्युत कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने लगभग दो घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम कर 10 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की। गर्मी एवं फसल सिंचाई के समय बिजली की किल्लत से किसानों की नींद उड़ी हुई है। अधिकारियों ने कर्मचारी की छुट्टी के कारण 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। लालसिंह किसान संघ के जोनल सचिव

जगराम सिंह यादव ने बताया कि पिछले 5-6 दिनों से ट्यूबवेल चलाने के लिए आने वाली बिजली की भारी कटौती हो रही थी। किसानों को एक दिन में केवल 1 से 2 घंटे ही बिजली मिल पा रही थी। इसी के विरोध में चाहा, पकड़ पिपरौली, माधुर, रैना, खाईखेड़ा, सीपोना, जखड़ सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीण एकत्र हुए थे। यादव ने आगे बताया कि लगातार बिजली कटौती के कारण ग्रामीण आक्रोशित थे और धीरे-धीरे किसानों की भीड़ बढ़ती गई। सुबह करीब 10:30 बजे लगभग 200 ग्रामीणों ने सड़क जाम शुरू कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

लूट के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, गल्ला व्यापारी से 20 लाख रुपए की लूटे थे

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र में गल्ला व्यापारी से हुई 20 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुन्ना जिले के कुरावर थाना क्षेत्र के उमरिया कला गांव निवासी अभिषेक मीणा (25) पुत्र छतर सिंह मीणा के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभिषेक मीणा के पास से 50 हजार रुपए भी बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस अभी भी तीन अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है, जो घटना में शामिल थे।

यह घटना 3 दिसंबर को हुई थी। शाढौरा निवासी गल्ला व्यापारी नीरज साहू, अशोकनगर से बैंक से 20 लाख रुपए निकालकर अपने व्यापार के लिए जा रहे थे। शमशेरखेड़ी गांव के पास चार नकाबपोश बदमाशों ने कई बार नोक पर उनकी नहीं चलि लूट ली थी।

पुलिस ने इस लूटकांड के मास्टरमाइंड शाढौरा निवासी राजा भदौरिया को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। राजा भदौरिया ने पूछताछ में अभिषेक मीणा के साथ-साथ सिंह उर्फ शिवशंकर रघुवंशी (ग्राम बारनाहू, हाल अशोकनगर), जयपाल उर्फ सोनू मीणा (ग्राम कंजीपुर, थाना कुरावर) और मोनू उर्फ राहुल मीणा (ग्राम उमरिया कला, थाना कुरावर) के शामिल होने की जानकारी दी थी।

बाबर शौचालय के पोस्टर लगाए कहा- बंगाल में मस्जिद बनी तो उसे भी विवादित बाबरी ढ़ांचे की तरह तोड़ देंगे

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

अशोकनगर में एक सामुदायिक शौचालय पर 'बाबर शौचालय' नाम के पोस्टर लगाए गए हैं। ये पोस्टर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबलू यादव और उनके समर्थकों ने मंडपाना गेट पर स्थित नगर पालिका से बनाए शौचालय पर लिखाए हैं।

यादव ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल में विधायक हुमायूं कबीर के प्रस्तावित नारेश्वर की नींव रखे जाने के विरोध में की गई है। उन्होंने बाबर को एक आक्रांता बताया।

मीजोरी नेता ने कहा- 'जगह-जगह शौचालयों का नाम श्रीराम शौचालय रखेंगे' सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू यादव ने कहा कि वे भविष्य में अन्य शौचालयों का नाम भी श्रीराम शौचालय रखने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने मीजोरी नेता की ओर से बाबर को 'आक्रांता' बताते हुए कहा कि उसने भारत में तबाही मचाई थी। उन्होंने बंदेरी का उदाहरण देते हुए बताया कि बाबर के कारण रानी मणिमाला और 1600 पटवारियों को जौहर करना पड़ा था। यादव के अनुसार, बाबर ने कई मंदिरों को भी क्षतिग्रस्त किया था।

यादव ने 6 दिसंबर को पश्चिम बंगाल में विधायक हुमायूं के बाबर नाम की मस्जिद को भूमि पूजन का जिक्र करते हुए कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जिस प्रकार 1992 में बाबरी ढांचा तोड़ा गया था, उसी प्रकार यदि वहां मस्जिद बनाई गई तो उसे भी तोड़ा जाएगा।

किसानों की परेशानी | ग्राम पंचायत गादयाकला के किसानों का मामला

फसल सूखी परेशान, कैसे होगा परिवार का भरण पोषण

कुडलिया परियोजना का शुल्क जमा के बावजूद नहीं मिल रहा किसानों को पानी

डीआर संवाददाता ✍ खिलचीपुर

शासन द्वारा किसानों की भूमि सिंचित करने हेतु जिले में कुंडलिया डेम जल परियोजना एवं मोहनपुरा डेम जल परियोजना का क्रियान्वयन किया गया है, ताकि आसपास क्षेत्र के किसानों की भूमि सिंचित हो सके।

आसपास क्षेत्र के हर एक किसान की भूमि सिंचित करने हेतु डैम परियोजना द्वारा निर्धारित शुल्क भी रखा गया है जो प्रति हेक्टेयर किसानों से पानी देने के बदले जमा कराया जाता है, और किसान अपने खेत में पानी फेर कर फसल कमाता है। इसके विपरीत ग्राम गादयाकला के किसानों का एक मामला सामने आया है जिसमें किसानों ने लगभग 1 महीने पहले सूखा लिया डेम परियोजना से खेतों में फसल में पानी संचरने के लिए प्रति हेक्टेयर शुल्क रसीद कटा दी है, और खेत में

फसल भी बोवनी कर दी है, लेकिन कुंडलिया परियोजना द्वारा लाइन के टूट फूट होने से खेतों में अभी तक एक बूंद भी पानी नहीं आया है ऐसे में किसानों की फसल सूख रही है। जब मीडिया ने जायजा लिया तो किसानों प्रभु लाल सोलिया, रूप सिंह वर्मा, रतन सोलिया, मंदरसिंह राव, भगवान सिंह सोलिया, कचरूलाल वर्मा, बद्री लाल सोनी आदि ने बताया हमारी फसल सूख गयी है कुंडलिया डैम परियोजना से हमें अभी तक एक बूंद पानी नहीं मिला है, जबकि हम सभी किसानों ने 1 महीने पहले रसीद बनवा ली है। हम किसानों ने इसकी शिकायत विभागीय इंजीनियर वर्मा, एसडीएम अमित जैन, कुंडलिया परियोजना इंजीनियर सुमित कालेज को लगातार 25 दिनों से कर रहे हैं लेकिन हमारी

कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी पूरी फसल सूख गई है यदि एक-दो दिन में हमारे पानी नहीं आया तो हम बर्बाद ही जाएंगे हमारे बच्चों का भरण पोषण कैसे करेंगे। कुंडलिया परियोजना के पानी के भरोसे ही फसल बोई है। हम कई-बार शिकायत कर रहे हैं लेकिन हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। गादयाकला के किसानों ने बीच में लाइन छोड़ दी है।

इनपुट . .

हरदम के बाद किसानों से लाइन फोल दी है, विभाग करा कर, 40 रुपए रसद को वसूल कर एक दो किस्त में किसानों को पानी दिया जा

रहेगा, जिलाध्यक्षीय, हर किसानों ने लाइन फोड़ ने है, कमाई है विभाग कर किसानों को पानी दिया जा

सुनिल मालव, खजोर्ड गुजेश

व्यापारी ने आरोपियों से झड़प कर बचाया था रुपए से भरा बैग

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

खिलचीपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई लूट और लूट के प्रयास के दो मामलों के खुलासे में पुलिस को सफलता मिली है। दोनों अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बुजुर्ग से छीनी गई सोने की मुरकी को बरामद कर ली है। पुलिस की इस कार्रवाई ने एसडीओपी मनीष नागर थाना प्रभारी उमा शंकर मुकाती, उपनिरीक्षक विष्णु मीणा, धनीराम सिंह पटेरिया, एएसआई रविंद्र कुशवाहे, साइबर सेल के उपनिरीक्षक विरेंद्र अग्रवाल, सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

पहला मामला रू बुजुर्ग से सोने की बालियां छीनी

एएसपी के एक बयान में बताया कि खिलचीपुर थानाक्षेत्र 21 नंबर को हुआ था। जब दो बदमाशों ने परिवारी नारायणलाल तेल के बच्चों में रहने कीमत 50 हजार कीमत की सोने की बालियां छीन कर लूट ली थी। शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि यह लूट मदन पिता पुलिलाल तेल और कुलदीप पिता विरेंद्रसिंह तेल ने मिलकर की थी।

दूसरा मामला रू किराना व्यापारी से लूट का प्रयास

दूसरे मामले में किराना व्यापारी स्वामसुंदर गुप्ता से हथियार की बैग लूटने का प्रयास किया। व्यापारी ने भी हिम्मत दिखाई। बदमाश-गुत्थी के बाद आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। आरोपी मदन तेल और उसके साथी नारायण तेल को पुलिस ने रात्रि गश्त दबोचा। वही परिवारी स्वामसुंदर गुप्ता को राजगढ़ पुलिस द्वारा पुलिस रोल सम्मान सम्मान दिया गया।